# बीपीएसएमवी के इंस्टिट्यूट ऑफ़ हायर लर्निंग में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का आयोजन

**पल पल न्यूज: खानपुर कलां / गोहाना, 4 सितम्बर (अनिल जिंदल)।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के इंस्टिट्यूट ऑफ़ हायर लर्निंग में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अंतर्गत गृह विज्ञान विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में आज नुट्रिशन क्विज का सफल आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए नुट्रिशन क्विज़ की आयोजक प्रीति धनखड़ ने बताया कि इस क्विज़ प्रतियोगिता में कुल 6 टीमों ने भाग लिया। प्रत्येक टीम में दो प्रतिभागी सम्मिलित थे। छात्राओं ने पूरे उत्साह और जोश के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसके परिणामस्वरूप दीपांशी और तनु ने प्रथम स्थान, रेनु एवं खुशी ने द्वितीय स्थान तथा खुशी एवं प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्थान की प्राचार्य डॉ. सुषमा जोशी ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उत्साहवर्धन हेतु प्रेरणादायक शब्द कहे। डॉ जोशी ने छात्राओं को कहा कि विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने से रिसर्च की लालसा उत्पन्न होती है, जो एक विद्यार्थी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि हर एक के मन में कुछ नया करने या कुछ नया सीखने की इच्छा बनी रहनी चाहिए। इस अवसर पर गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ उपासना ने भी छात्राओं को सम्बोधित किया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो कल्पना एवं प्रो संतोष हुडा ने निभाई। इस अवसर पर डॉ अनीता, डॉ नितिका व श्रीमती रमणी पूर्णिमा भी मौजूद रही।

# बीपीएस महिला विश्वविद्यालय और एचकेसीएल छात्राओं को करवाएंगे विभिन्न उच्च गुणवत्ता वाले कोर्स



समझौता ज्ञापन के दौरान उपस्थित गणमान्य।

गोहाना, 4 सितम्बर (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय और हरियाणा नॉलेज कारपोरेशन लिमिटेड (एचकेसीएल) के बीच समझौता ज्ञापन आज हस्ताक्षरित किया गया। छात्राओं को आईटी और कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से महिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. डॉ. शिवालिक यादव और हरियाणा नॉलेज कारपोरेशन लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ अभिजीत कुलकर्णी ने विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश की अध्यक्षता में हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. सुदेश ने बताया कि इस साझेदारी के माध्यम से छात्राएं अब कौशल विकास के लिए एच के सी एल द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न आईटी और स्किल कोर्स विश्वविद्यालय में रहकर ही कर सकेंगी। एचकेसीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ अभिजीत कुलकर्णी ने कहा कि महिला विश्वविद्यालय और एचकेसीएल अब मिलकर छात्राओं को विभिन्न उच्च गुणवत्ता वाले कोर्स करवाएंगे। जो उन्हें कौशल विकास प्रदान कर उनका आत्मविश्वास बढ़ा विभिन्न क्षेत्रों में उन्हें रोजगार प्रदान करने के लिए सशक्त बनाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रो विजय नेहरा, प्रो संकेत विज , प्रो. रवि भूषण, डॉ. संदीप दहिया, डॉ. सोनल बेनीवाल एचके सीएल से प्रोग्राम मैनेजर आशीष कुमार और सुनील कुमार, बिजनेस एनालिस्ट विकास बिश्नोई उपस्थित रहे।

# बीपीएस महिला विश्वविद्यालय और एचकेसीएल छात्राओं को करवाएंगे विभिन्न उच्च गुणवत्ता वाले कोर्स



**समझौता ज्ञापन के दौरान उपस्थित गणमान्य।**

गोहाना, 4 सितम्बर (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय और हरियाणा नॉलेज कारपोरेशन लिमिटेड (एचकेसीएल) के बीच समझौता ज्ञापन आज हस्ताक्षरित किया गया। छात्राओं को आईटी और कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से महिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. डॉ. शिवालिक यादव और हरियाणा नॉलेज कारपोरेशन लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ अभिजीत कुलकर्णी ने विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश की अध्यक्षता में हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. सुदेश ने बताया कि इस साझेदारी के माध्यम से छात्राएं अब कौशल विकास के लिए एच के सी एल द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न आईटी और स्किल कोर्स विश्वविद्यालय में रहकर ही कर सकेंगी। एचकेसीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ अभिजीत कुलकर्णी ने कहा कि महिला विश्वविद्यालय और एचकेसीएल अब मिलकर छात्राओं को विभिन्न उच्च गुणवत्ता वाले कोर्स करवाएंगे। जो उन्हें कौशल विकास प्रदान कर उनका आत्मविश्वास बढ़ा विभिन्न क्षेत्रों में उन्हें रोजगार प्रदान करने के लिए सशक्त बनाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रो विजय नेहरा, प्रो संकेत विज , प्रो. रवि भूषण, डॉ. संदीप दहिया, डॉ. सोनल बेनीवाल एचके सीएल से प्रोग्राम मैनेजर आशीष कुमार और सुनील कुमार, बिजनेस एनालिस्ट विकास बिश्नोई उपस्थित रहे।

पंजाब केसरी
FRI,05 SEPTEMBER 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 4

# न्यूट्रिशन क्विज में दीपांशी और तनु रही प्रथम



*न्यूट्रिशन क्विज में भाग लेते हुए बी.पी.एस. की छात्राएं।* (अरोड़ा)

गोहाना, 4 सितम्बर (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के इंस्टीच्यूट ऑफ हायर लर्निंग में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अंतर्गत गृह विज्ञान विभाग द्वारा गुरुवार को न्यूट्रिशन क्विज आयोजित की गई।

दीपांशी और तनु ने प्रथम, रेणु एवं खुशी ने द्वितीय तथा खुशी एवं प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

क्विज की संयोजक प्रीति धनखड़ ने बताया कि इस क्विज प्रतियोगिता में कुल 6 टीमों ने भाग लिया। प्रत्येक टीम में 2 प्रतिभागी सम्मिलित थे। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. कल्पना एवं प्रो. संतोष हुड्डा ने निभाई।

प्रिंसीपल डॉ. सुषमा जोशी ने कहा कि विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने से रिसर्च की लालसा उत्पन्न होती है जो एक विद्यार्थी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होती है।

उन्होंने कहा कि हर एक के मन में कुछ नया करने या कुछ नया सीखने की इच्छा बनी रहनी चाहिए।

इस अवसर पर गृह विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ. उपासना के साथ डॉ. अनिता, डॉ. नीतिका, रमणी, पूर्णिमा आदि भी मौजूद रहीं।

पंजाब केसरी
FRI,05 SEPTEMBER 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# बी.पी.एस. और एच.के.सी.एल. में हुआ एम.ओ.यू.



*महिला विश्वविद्यालय और एच.के.सी.एल. एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर करते हुए। (अरोड़ा)*

गोहाना, 4 सितम्बर (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय और हरियाणा नॉलेज कार्पोरेशन लिमिटेड (एच.के.सी.एल.) के बीच एम.ओ.यू. गुरुवार को हस्ताक्षरित किया गया। महिला विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. डॉ शिवालिक यादव और एच.के.सी.एल. के एम.डी. एवं सी.ई.ओ. अभिजीत कुलकर्णी ने हस्ताक्षर किए।

वी.सी. प्रो. सुदेश के अनुसार इस सांझेदारी के माध्यम से छात्राएं अब कौशल विकास के लिए एच.के.सी.एल. द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न आई.टी. और स्किल कोर्स विश्वविद्यालय में रहकर ही कर सकेंगी। साथ ही छात्राओं को बेहतर रोजगार उपलब्ध हो, इसके लिए उन्हें इंटरव्यू और इंगलिश स्पीकिंग की तैयारी भी करवाई जा सकेगी।

अभिजीत कुलकर्णी ने कहा कि आई.टी. और कौशल विकास में प्रशिक्षण प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। महिला विश्वविद्यालय और एच.के.सी.एल. अब मिलकर छात्राओं को विभिन्न उच्च गुणवत्ता वाले कोर्स करवाएंगे, जो उन्हें कौशल विकास प्रदान कर विभिन्न क्षेत्रों में उन्हें रोजगार प्रदान करने के लिए सशक्त बनाएगा।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय से प्रो. विजय नेहरा, प्रो. संकेत विज, प्रो. रवि भूषण, डॉ. संदीप दहिया, डॉ. सोनल बेनीवाल, एच.के.सी.ए.ल से प्रोग्राम मैनेजर आशीष कुमार और सुनील कुमार, बिजनैस एनालिस्ट विकास बिश्नोई आदि उपस्थित रहे।

# छात्राओं को आईटी और कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान कराएगा बीपीएस विवि

**भास्कर न्यूज** | गोहाना बीपीएस महिला विवि प्रशासन द्वारा छात्राओं को आईटी और कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान कराया जाएगा। इसके लिए विवि प्रशासन ने गुरुवार को हरियाणा नॉलेज कारपोरेशन लिमिटेड (एचकेसीएल) के बीच (एमओयू) समझौता ज्ञापन किया। इस दौरान विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव और एचकेसीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ अभिजीत कुलकर्णी ने कुलपति प्रो. सुदेश की अध्यक्षता में हस्ताक्षर किए।

कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि महिला विवि प्रशासन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत छात्राओं को आवश्यक कौशल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस साझेदारी के माध्यम से छात्राएं अब कौशल विकास के लिए एचकेसीएल द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न आईटी और स्किल कोर्स विवि में रहकर ही कर सकेंगी। इसके अलावा छात्राओं को बेहतर रोजगार उपलब्ध हो, उसके लिए एचकेसीएल के एआई प्लेटफॉर्म की मदद से उन्हें इंटरव्यू और इंग्लिश स्पीकिंग की तैयारी भी कराई जा सकेगी। वहीं एचकेसीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ अभिजीत कुलकर्णी ने कहा कि आईटी और कौशल विकास में प्रशिक्षण प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। महिला विवि और एचकेसीएल अब मिलकर छात्राओं को विभिन्न उच्च गुणवत्ता वाले कोर्स करवाएंगे, जो उन्हें कौशल विकास प्रदान कर उनका आत्मविश्वास बढ़ाकर विभिन्न क्षेत्रों में उन्हें रोजगार प्रदान करने के लिए सशक्त बनाएगा। इस मौके पर प्रो. विजय नेहरा, प्रो. संकेत विज, प्रो. रवि भूषण, डॉ. संदीप दहिया, डॉ. सोनल बेनीवाल, एचकेसीएल से प्रोग्राम मैनेजर आशीष कुमार, बिजनेस एनालिस्ट विकास बिश्नोई आदि मौजूद रहे।

# विवि व एचकेसीएल के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित

## विवि शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत आवश्यक कौशल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध : प्रो. सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां और हरियाणा नॉलेज कारपोरेशन लिमिटेड (एचकेसीएल) के बीच समझौता ज्ञापन गुरुवार हस्ताक्षरित किया गया। छात्राओं को आईटी और कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से महिला विवि के कुलसचिव प्रो. (डॉ.) शिवालिक यादव और हरियाणा नॉलेज कारपोरेशन लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ अभिजीत कुलकर्णी ने विवि की कुलपति प्रो. सुदेश की अध्यक्षता में हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. सुदेश ने बताया कि महिला विवि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत छात्राओं को आवश्यक कौशल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस साझेदारी के माध्यम से छात्राएं अब कौशल विकास के लिए एचकेसीएल द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न आईटी और स्किल कोर्स विवि में रहकर ही कर सकेंगी। एचकेसीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ अभिजीत कुलकर्णी ने कहा कि आईटी और कौशल विकास में प्रशिक्षण प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है।



गोहाना। समझौता ज्ञापन के साथ महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश, कुलसचिव प्रो शिवालिक यादव व एचकेसीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ अभिजीत कुलकर्णी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रो. विजय मेहरा प्रो. अशोक सिंह प्रो. रवि भूषण डॉ. संदीप दहिया डॉ. सोनल हंसीवाल एचकेसीएल से प्रोग्राम मैनेजर आशीष कुमार और सुशील कुमार सहित बिजनेस एनालिस्ट विकास बिश्नोई उपस्थित रहे।

# छात्राएं कर सकेंगी आइटी और स्किल कोर्स

**वि., गोहाना :** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय और हरियाणा नालेज कारपोरेशन लिमिटेड (एचकेसीएल) के बीच गुरुवार को एमओयू हुआ। अब छात्राएं एचकेसीएल द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न आइटी और स्किल कोर्स विश्वविद्यालय में रहकर ही कर सकेंगी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो शिवालिक यादव और एचकेसीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ अभिजीत कुलकर्णी ने विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश की अध्यक्षता में एमओयू पर हस्ताक्षर किए। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत छात्राओं को आवश्यक कौशल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। छात्राओं को बेहतर रोजगार उपलब्ध हो, इसके लिए एचकेसीएल के एआइ प्लेटफार्म की मदद से उन्हें इंटरव्यू और इंग्लिश स्पीकिंग की तैयारी भी करवाई जा सकेगी। कुलकर्णी ने कहा कि आइटी और कौशल विकास में प्रशिक्षण प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रो. विजय नेहरा, प्रो. संकेत विज, प्रो. रवि भूषण, डा. संदीप दहिया, डा. सोनल बेनीवाल, आशीष कुमार रहे।



एमओयू के समय कुलपति प्रो . सुदेश, कुलसचिव प्रो . शिवालिक यादव, एचकेसीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर अभिजीत कुलकर्णी • सौ. प्रवक्ता

# छात्राओं को सशक्त बनाने के लिए विवि ने एचकेसीएल से मिलाया हाथ

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां और हरियाणा नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचकेसीएल) के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया।

छात्राओं को आईटी और कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने के उद्‌देश्य से कुलसचिव प्रो. डॉ. शिवालिक यादव और हरियाणा नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के सीईओ अभिजीत कुलकर्णी ने हस्ताक्षर किए।

कुलपति प्रो. सुदेश ने बताया कि महिला विवि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत छात्राओं को आवश्यक कौशल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस साझेदारी के माध्यम से छात्राएं अब कौशल विकास के लिए एचकेसीएल की तरफ से चलाए जा रहे विभिन्न आईटी और स्किल कोर्स विवि में रहकर ही कर सकेंगी।

इसके साथ ही छात्राओं को बेहतर रोजगार उपलब्ध हो सकें इसके लिए एचकेसीएल के एआई प्लेटफॉर्म की मदद से उन्हें इंटरव्यू और इंग्लिश स्पीकिंग की तैयारी भी करवाई जा सकेगी। सीईओ अभिजीत कुलकर्णी ने कहा कि आईटी और कौशल विकास में प्रशिक्षण प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है।

महिला विवि और एचकेसीएल अब मिलकर छात्राओं को विभिन्न उच्च गुणवत्ता वाले कोर्स करवाएंगे। उन्हें कौशल विकास प्रदान कर उनका आत्मविश्वास बढ़ाकर विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार प्रदान करने के लिए सशक्त बनाया जाएगा।

इस दौरान प्रो. विजय नेहरा, प्रो. संकेत विज, प्रो. रवि भूषण, डॉ. संदीप दहिया, डॉ. सोनल बेनीवाल, एचकेसीएल से प्रोग्राम मैनेजर आशीष कुमार, सुनील कुमार और विकास बिश्नोई उपस्थित रहे।



**खानपुर कलां स्थित महिला विश्वविद्यालय में समझौता ज्ञापन के दौरान कुलपति प्रो. सुदेश, एचकेसीएल के सीईओ अभिजीत कुलकर्णी व अन्य।** स्रोतः प्रवक्ता